जबलपुर | शुक्रवार | 13 मार्च 2026 | वर्ष 77 | अंक 49 | पृष्ठ 12 | मूल्य रु. 5.00
navabharat.com twitter.com/Nava_Bharat fb.me/NavaBharat.Social

नव भारत
1934 से

# मुंबई पहुंचा पहला तेल टैंकर

## कूटनीतिक जीत : युद्ध के 13वें दिन भारत के लिए राहत की खबर

**नई दिल्ली, 12 मार्च. ईरान-अमेरिका और इजरायल में युद्ध के 13वें दिन ईंधन संकट के बीच भारत के लिए राहत की खबर है. होर्मुज स्ट्रेट से गुजरते हुए कच्चे तेल से भरा एक टैंकर सुरक्षित रूप से मुंबई बंदरगाह पहुंच गया है. युद्ध शुरू होने के बाद यह पहला जहाज है जो इस रणनीतिक समुद्री रास्ते को पार कर भारत तक पहुंचा है.**

मुंबई पोर्ट ट्रस्ट ने बताया कि यह टैंकर बुधवार को मुंबई बंदरगाह पहुंचा. यह तेल टैंकर लाइबेरिया के झंडे के तहत चल रहा था और इसकी कमान एक भारतीय कप्तान के हाथ में थी. यह टैंकर सऊदी अरब के रास तनूरा बंदरगाह से कच्चा तेल लेकर 1 मार्च को रवाना हुआ था. बाद में यह होर्मुज स्ट्रेट से होकर भारत की ओर बढ़ा और सुरक्षित रूप से मुंबई पहुंच गया.

सूत्रों का कहना है कि ईरान ने भारतीय झंडे वाले जहाजों को इस रास्ते से सुरक्षित गुजरने की



अनुमति देने का फैसला किया है. दरअसल अमेरिका और इजरायल द्वारा ईरान पर हमले शुरू होने के बाद से इस इलाके में समुद्री यातायात लगभग ठप हो गया था. होर्मुज स्ट्रेट से भारतीय तेल टैंकरों पुष्पक और परिमल के सुरक्षित गुजरने का रास्ता दोनों देशों के बीच लगातार कूटनीतिक चर्चा के बाद ही संभव हुआ है. इस मसले पर विदेश मंत्री एस जयशंकर की उनके ईरानी समकक्ष के बीच युद्ध छिड़ने के बाद कम से कम तीन बार बात हो चुकी है. जयशंकर ने मंगलवार को भी पश्चिम एशिया में जारी संकट को लेकर अब्बास अराघची से बात की थी.

### भारत के फैसले अमेरिका ले रहा : राहुल

**नई दिल्ली, 12 मार्च.** लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष और कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने गुरुवार को ईरान-अमेरिका युद्ध की वजह से पैदा हुए तेल और एलपीजी संकट का मुद्दा उठाया. उन्होंने कहा कि यह तो बस अभी शुरुआत है. इसका बहुत बुरा असर होगा. राहुल ने एपस्टीन का भी जिक्र किया, जिसके बाद हंगामा मच गया. भारत के फैसले अमेरिका ले रहा है. राहुल ने केंद्रीय मंत्री हरदीप सिंह पुरी की ओर इशारा करते हुए कहा कि मैंने पहेली सुलझा ली है और पहेली समझौते के बारे में है. हमारे



यहां एक सज्जन बैठे हैं, जो पेट्रोलियम मंत्री हैं. उन्होंने खुद कहा है कि वह मिस्टर एपस्टीन के दोस्त हैं. राहुल के इतना कहते ही संसद में हंगामा होने लगा. स्पीकर ओम बिरला ने राहुल को टोकते हुए कहा कि आपने जो नोटिस दिया है, उस पर बोलिए. आप प्रतिपक्ष के नेता हैं, उस पर ही बोलिए. इसके अलावा इजाजत नहीं दी जाएगी.

#### देश में तेल-गैस की कोई कमी नहीं : पुरी

राहुल गांधी के आरोपों का केंद्रीय पेट्रोलियम और नेचुरल गैस मंत्री हरदीप पुरी जवाब दे रहे थे, उस दौरान विपक्षी सांसदों ने हंगामा करते हुए एपस्टीन के नारे लगाए. पुरी ने अपने बयान में कहा, आधुनिक एनर्जी इतिहास में दुनिया ने ऐसा समय पहले कभी नहीं देखा. भारत की क्रूड सप्लाई की स्थिति सुरक्षित है और हासिल की गई मात्रा होर्मुज से मिलने वाली मात्रा से ज्यादा है. भारत का 45 फीसदी क्रूड इम्पोर्ट होर्मुज जलडमरूमध्य के रास्ते से होता था. प्रधानमंत्री की शानदार डिप्लोमैटिक पहुंच और सद्भावना की वजह से भारत ने उतनी क्रूड मात्रा हासिल की है.

### आज पीएम-किसान की 22वीं किस्त होगी जारी

**नई दिल्ली, 12 मार्च.** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी शुक्रवार को असम की राजधानी गुवाहाटी से प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि (पीएम-किसान) योजना की 22वीं किस्त जारी करेंगे. इसके तहत देश के 9.32 करोड़ से अधिक किसान परिवारों के बैंक खातों में 18,640 करोड़ से अधिक की धनराशि भेजी जाएगी. केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण और ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने यह जानकारी दी.

## शहीदों का बदला लेंगे : मुजतबा

### पद संभालने के बाद सुप्रीम लीडर का पहला बयान

**तेहरान, 12 मार्च.** ईरान के नए सुप्रीम लीडर अयातुल्ला मुजतबा खामेनेई ने पद संभालने के बाद अपने पहले बयान में अमेरिका को चेतावनी दी है. उन्होंने कहा कि मिडिल ईस्ट में मौजूद अमेरिकी सैन्य अड्डों को बंद किया जाना चाहिए, नहीं तो उन पर हमले जारी रहेंगे. हम शहीदों के खून का बदला लेने से पीछे नहीं हटेंगे

संदेश में खामेनेई ने कहा कि मौजूदा हालात में होर्मुज स्ट्रेट का रास्ता भी नहीं खोला जाएगा. सुप्रीम लीडर बनने के बाद यह मुजतबा खामेनेई का पहला सार्वजनिक संदेश है. यह बयान ऐसे समय आया है, जब अमेरिका, इजराइल और ईरान के बीच युद्ध लगातार तेज हो रहा है. खामेनेई ने आगे कहा कि हम किसी भी हालत में जितना भी नुकसान हुआ है उसकी पूरी भरपाई लेंगे.

### जम्मू बॉर्डर के पास 8 करोड़ रुपए की हेरोइन बरामद

**श्रीनगर, 12 मार्च.** जम्मू के बिश्नाह इलाके में गुरुवार को सुरक्षा बलों को बड़ी कामयाबी मिली है. यहां से 1.5 किलोग्राम हेरोइन बरामद की गई, जिसकी अनुमानित कीमत 8 करोड़ रुपये से ज्यादा बताई जा रही है. अफसरों के मुताबिक, बहादुरपुरा गांव में एक स्थानीय शख्स ने खेत में संदिग्ध बैग देखा और तुरंत अधिकारियों को सूचित किया.

## आज 1 .25 करोड़ बहनों को मिलेंगे 1836 करोड़ रुपए

▶ मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव आज करेंगे राशि अंतरित

**प्रशासनिक संवाददाता**

**भोपाल, 12 मार्च.** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव शुक्रवार को ग्वालियर जिले के शबरी माता मंदिर घाटीगांव में आयोजित सम्मेलन में मुख्यमंत्री लाड़ली बहना प्रदेश की 1 करोड़ 25 लाख से अधिक बहनों के बैंक खातों में 1836 करोड़ रुपये से अधिक की राशि का सिंगल क्लिक से अंतरण करेंगे. यह राशि योजना की 34वीं किश्त के रूप में बहनों को प्रदान की जा रही है. मुख्यमंत्री डॉ. यादव के नेतृत्व में प्रदेश सरकार महिलाओं के आर्थिक सशक्तिकरण को सर्वोच्च प्राथमिकता दे रही है.

## चार बच्चियों को फेंककर मां ने लगाई फांसी, पांच की मौत

**सागर, 12 मार्च.** प्रदेश के सागर जिले के केसली थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम खमरिया में चार बच्चियों को कुएं मे फेंककर मां ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली है. पुलिस ने मर्ग कायम पंचनामा कार्रवाई कर शव के पोस्टमार्टम कराया और परिजनो को सभी शव सौंप दिए, जिसके बाद अंतिम संस्कार कराया. केसली थाना प्रभारी लोकेश पटेल से मिली जानकारी के अनुसार खमरिया निवासी चंद्रभान लोधी की पत्नी सविता बाई उम्र 28 वर्ष अपनी चार बच्चियों के साथ घर से बाहर गई थी, जो कि देर शाम तक नहीं लौटी . इसके बाद परिजनों ने गांव मे तलाश शुरू की. जहां बच्चियों के शव मिले और पास में मां का शव फंदे पर लटका मिला.

### महाभियोग प्रस्ताव लाने की तैयारी में विपक्ष

**नई दिल्ली.** मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार के खिलाफ महाभियोग प्रस्ताव लाने के लिए विपक्ष बड़ी तैयारी में जुटा हुआ है. दोनों सदनों के विपक्षी सांसद इस मसले पर एकजुट हैं. महाभियोग प्रस्ताव लाने के लिए लोकसभा के कम से कम 120 सांसद और राज्यसभा के 60 सांसदों ने एक नोटिस पर हस्ताक्षर किए हैं. बताया जा रहा है कि ज्ञानेश कुमार के खिलाफ विपक्षी अभियान की अगुवाई तृणमूल कांग्रेस के एक सांसद कर रहे हैं.

## सुको पहुंचा विजयपुर उपचुनाव मामला

**ग्वालियर, 12 मार्च.** विजयपुर विधानसभा उपचुनाव मामले में हाईकोर्ट की ग्वालियर बेंच के फैसले के बाद अब मामला सुप्रीम कोर्ट पहुंच गया है. विधायक मुकेश मल्होत्रा फैसले को चुनौती देने के लिए दिल्ली पहुंच गए हैं और विशेष अनुमति याचिका दायर करने की तैयारी कर रहे हैं. पूर्व मंत्री रामनिवास रावत भी केविएट दाखिल करने की तैयारी में दिल्ली पहुंचे हैं. कांग्रेस नेताओं के अनुसार सुप्रीम कोर्ट में एसएलपी दायर करने का प्रयास किया जाएगा. प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी और वरिष्ठ अधिवक्ता विवेक तन्खा भी हाईकोर्ट के फैसले को सुप्रीम कोर्ट में चुनौती देने की बात कह चुके हैं. उधर, रामनिवास रावत केविएट दाखिल करेंगे, जिससे यदि मल्होत्रा की ओर से अपील की जाती है तो अदालत उनके पक्ष को सुने बिना कोई अंतरिम आदेश न दे. बता दें कि हाईकोर्ट ने विजयपुर उपचुनाव को लेकर दिए फैसले में मुकेश मल्होत्रा का चुनाव शून्य घोषित करते हुए रामनिवास रावत को निर्वाचित माना है.

### शुभमन बनेंगे क्रिकेटर ऑफ द ईयर

**नई दिल्ली.** भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान और कोच राहुल द्रविड़ को बीसीसीआई द्वारा 15 मार्च को दिल्ली में आयोजित सालाना नमन अवॉर्ड्स में कर्नल सीके नायडू लाइफटाइम अचीवमेंट अवॉर्ड से सम्मानित किया जाएगा, जबकि भारत के टेस्ट व वनडे कप्तान शुभमन गिल को क्रिकेटर ऑफ द ईयर के सम्मान से सम्मानित किया जाएगा.

**खुशखबरी** सीएम डॉ. यादव ने केंद्रीय कृषि मंत्री चौहान से की मुलाकात

# सरसों में भावांतर भुगतान योजना को मंजूरी

**प्रशासनिक संवाददाता**

**भोपाल, 12 मार्च. सरसों को भावांतर भुगतान योजना के दायरे में लाने के राज्य सरकार के निर्णय पर अब केंद्र सरकार ने भी स्वीकृति की मुहर लगा दी है. अब प्रदेश में सरसों की खरीदी एमएसपी से कम पर करने की नौबत आती है तो किसानों को राशि की भरपाई की जाएगी.**

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने गुरुवार को दिल्ली में केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराजसिंह चौहान के साथ मुलाकात की, इस चर्चा में प्रदेश के पंचायत एवं ग्रामीण



विकास मंत्री प्रहलाद पटेल भी साथ थे. उच्च स्तरीय चर्चा के बाद केंद्रीय कृषि मंत्री ने इस संबंध में राज्य सरकार के प्रस्ताव को मंजूरी देते हुए संबंधित विभागों को भुगतान प्रक्रिया तेजी से पूरा करने के निर्देश दिए. इससे राज्य के सरसों उत्पादक किसानों को सीधा लाभ मिलेगा। केंद्रीय मंत्री चौहान ने बैठक में मुख्यमंत्री डॉ. यादव को तुअर की शत-प्रतिशत सरकारी खरीद का स्वीकृति-पत्र भी सौंपा. इस निर्णय से मध्यप्रदेश के तुअर उत्पादक किसानों की उपज का पूर्ण सरकारी उपार्जन सुनिश्चित होगा, जिससे उन्हें बाजार में भाव गिरने का जोखिम नहीं उठाना पड़ेगा और आय में स्थिरता आयेगी. मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने प्रदेश को दलहन और तिलहन उत्पादन का अग्रणी केंद्र बनाने की आवश्यकता पर जोर दिया.

